वन देवी वार्षिकोत्सव में उमड़ा जन सैलाब, गीतों पर झूमे श्रद्धालु

बिहटा (आससे)। मां वनदेवी महाधाम में देवी जागरण के 27वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर माता के दरबार में भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धा, भक्ति और उपासना के रंग में रंगे इस महा-जागरण में पूरी रात भक्ति रस जमकर बरसा। साज-बाज एवं संगीतमय भजनों से सुसज्जित जागरण अल-सबेरे तक चलता रहा।स्थानीय एवं आमंत्रित सुप्रसिद्ध गायक उदय कुमार सिंह,दीपू सिंह, गोविन्दपुरी, उमेश ,मंटू मस्ताना,सतेंद्र सिंह, अमित्रजीत ,प्रो महेश कुमार बिक्की बाबा आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक माता के भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। मैया का चोला है रंगला, मां शेरावाली जैसे भजनों पर श्रद्धालु पूरी रात झूमते-नाचते नजर आए। कलाकारों के साथ-साथ मां के भक्त भी पूरी रात भक्ति के रंग में रंगे रहे और जयकारों से पूरा वन-प्रांगण गूंजता रहा। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। देर रात तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और जागरण में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। आयोजक समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं व्यवस्था की पूरी इंतजाम की गई थी। जागरण का विधिवत उद्घटान पूर्व मंत्री श्याम रजक,स्थानीय विधायक भाई वीरेंद्र , राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव सिम्मी कुमारी ने उद्घटान किया। इस मौके पर मंदिर के पुजारी शितलेश्वर,हरि ओम मिश्रा,छोटू मिश्रा के द्धारा माता का भव्य श्रृंगार कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता की पूजन और आरती की गयी। कार्यक्रम में उदय जी ,दीपू का भूमिका सराहनीय रहा। कार्यक्रम में इस बार पिछले सारे रिकॉर्ड भीड़ का तोड़ दिया । कार्यक्रम में रालोमो के प्रदेश प्रधान महा सचिव हिमांशु पटेल युवा कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुशवाहा ,डॉ संगीता डॉ रत्ना शरण ,निपु हिमांशु ,सुधीर जी ,नगर जदयू मण्डल अध्यक्ष सुभम कुमार आदि ने भाग लिया।





बिजली चोरी के खिलाफ चला विशेष अभियान

मसौढ़ी (आससे)। धनरूआ थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की है। कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा धनरूआ और मसौढ़ी-2 के द्वारा दी गई लिखित शिकायत पर धनरूआ थाना में विद्युत ऊर्जा चोरी के आठ अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। प्राप्त आवेदनों के अनुसार विद्युत ऊर्जा चोरी की गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी दल का गठन किया गया था। धनरूआ प्रशाखा के कनीय विद्युत अभियंता पीयूष कुमार के नेतृत्व वाले दल में अर्जुन प्रसाद सिंह, अभिषेक कुमार, शिवानी कुमारी, पिन्टु प्रसाद और विभागीय मिस्त्री शामिल थे।

खुसरूपुर में मेडिकल स्टोर में लगी आग, लाखों की दवाइयां राख

खुसरूपुर (आससे)। नगर के बड़ी काली स्थान के पास शनिवार की देर रात एक दवा दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। इस अगलगी में दुकान में रखी लाखों रुपये मूल्य की दवाइयां और अन्य सामान जलकर पूरी तरह राख हो गए।



मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित दुकानदार संजय कुमार रोजाना की तरह शनिवार की रात करीब 9 बजे अपनी दुकान %मां दुर्गा मेडिकल हॉल% बंद कर घर चले गए थे। इसके कुछ ही देर बाद उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान से आग की लपटें उठ रही हैं। जब तक वे मौके पर पहुंचते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। आग इतनी भयानक थी कि पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन स्थानीय लोगों और प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ है। दुकान से धुआं और लपटें उठती देख बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण वहां जुट गए। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही खुसरूपुर थानाध्यक्ष रौशन कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए दमकल को मौके पर बुलवाया। काफी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकान के अंदर का सारा सामान जल चुका था।

असामाजिक तत्वों ने पीटीईसी मसौढ़ी का ताला कुंडी तक उखाड़ा, प्रशासन को दे रहे चुनौती

मसौढ़ी (आससे)। प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, मसौढ़ी पटना में असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिला प्रशासन द्वारा उत्तर-पश्चिमी गेट पर लगाए गए ताले को नशेड़ियों ने कई बार तोड़ दिया, हद तो तब हो गई जब ताला न लग सके इसके लिए गेट में लगी कुंडी को ही उखाड़ कर फेंक दिया।

दरअसल बताया जाता है की पीटीईसी के पश्चिमी भाग के गेट पर नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। ये लोग कॉलेज परिसर में खुलेआम हंगामा करते हैं और सेवाकालीन शिक्षकों के साथ अभद्रता भी करते हैं। इसकी शिकायत प्रशिक्षु शिक्षकों और महाविद्यालय प्रशासन द्वारा लगातार आवेदन देकर और स्थानीय थाना में की गई थी। मामला बिगड़ता देख जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए उत्तर-पश्चिमी गेट पर ताला जड़ दिया था, परंतु असामाजिक तत्वों ने प्रशासन के आदेश की अवहेलना करते हुए ताले को कई बार तोड़ा। ताला टूटने के बाद महाविद्यालय प्रशासन ने दोबारा ताला लगाया, जिसे फिर तोड़ दिया गया और परिसर में गाली-गलौज भी की गई। घटना से व्याख्याता परिवार और स्टाफ असहज महसूस कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनुज कुमार वर्मा ने बताया की असामाजिक तत्वों द्वारा जिस प्रकार अराजक माहौल बनाया जाता है, उससे महाविद्यालय में सेवाकालीन प्रशिक्षण चलाना मुश्किल हो गया है। महिला शिक्षिकाओं पर अभद्र टिप्पणी, परिसर में स्मोकिंग आदि से महाविद्यालय अशांत रहता है, जो शैक्षणिक माहौल को खराब कर रहा है। मैं पुन: अपने अधिकारियों के समक्ष इस समस्या को सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्य के साथ रखूंगा।स्थानीय थाना से निवेदन किया गया था कि मामले की गंभीरता को देखते हुए गश्ती दल को दिन में एक-दो बार सुबह-शाम भेजा जाए, लेकिन अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने से नशेड़ी अनियंत्रित हो गए हैं। गौरतलब है कि महाविद्यालय में 400 डीएलएड प्रशिक्षुओं और 200 सेवाकालीन शिक्षकों का प्रशिक्षण लगातार संचालित है, जो नशेड़ियों के उत्पात के कारण प्रभावित हो रहा है।

फरार अपराधियों पर शिकंजा घर पर चिपकाया इश्तेहार

मसौढ़ी (आससे)। फरार अपराधियों के खिलाफ मसौढ़ी पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अलग-अलग कांडों के तीन फरार अभियुक्तों के घर विधिवत इश्तेहार का तामिला कराया। पहला मामला मसौढ़ी थाना कांड संख्या 263/14 दिनांक 28.06.14 धारा 395 भारतीय दंड विधान से जुड़ा है। इस कांड के प्राथमिक अभियुक्त रामजय यादव उर्फ अजय यादव पिता स्वर्गीय शिवलाल यादव, साकिन सिकंदरपुर थाना पालीगंज जिला पटना के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया। दूसरा मामला कोर्ट कंप्लेंट संख्या 280/10 से संबंधित है। इसमें अभियुक्त धर्मेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ टिंकू सिंह दोनों पिता नागेश्वर सिंह ग्राम बलियारी थाना मसौढ़ी जिला पटना के घर पर विधिवत इश्तेहार तामिला किया गया।तीसरा मामला छाता ओपी,मसौढ़ी से जुड़ा है। अभियुक्त नितीश कुमार पिता सत्येंद्र सिंह साकिन सब्दुल्लाह चक थाना छाता ओपी जिला पटना के घर पर भी इश्तेहार चिपकाया गया। पुलिस का कहना है कि न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार के बाद भी यदि अभियुक्त आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो आगे कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

बाबा बिटेश्वरनाथ होटल एसो. का गठन, रिंकू सिंह बने अध्यक्ष

बिहटा (आससे)। बिहटा नगर में होटल व्यवसायियों को एकजुट करने और उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आज एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक स्थानीय होटल अनिकेत में बैठक हुई । सर्वसम्मति से होटल एसोसिएशन के गठन का निर्णय लिया गया, जिसका नाम बाबा बिटेश्वरनाथ होटल एसोसिएशन रखा गया है। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। सभी सदस्यों की आम सहमति से श्री रिंकू सिंह (होटल अनिकेत) को अध्यक्षबनाया गया। एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी इस प्रकार हैं :- मुख्य पदाधिकारी में अध्यक्ष श्री रिंकू सिंह (होटल अनिकेत) उपाध्यक्ष - श्री राजेन्द्र कांत (होटल बसेरा)सचिव - श्रीमती रिंकू देवी (होटल नवीन)कोषाध्यक्ष श्री केशरी नंदन सिंह (होटल श्री हरी) दीपांकर सागर (होटल गिरजा सागर) अन्नू कुमार (होटल ए वी आर) अमित कुमार (अमित लॉज) नमन कुमार (होटल लक्ष्मी)आमोद कुमार (होटल बलू डायमंड इन)सक्रिय सलाहकार प्रवीण कुमार (होटल इम्पीरियल इन)अशोक कुमार (होटल अशोका गेस्ट हाउस) तारकेश्वर सिंह (होटल सागर) धमेन्द्र सिंह (होटल गंगोत्री) नवनियुक्त अध्यक्ष रिंकू सिंह ने कहा कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य बिहटा में होटल व्यवसाय को बढ़ावा देना, ग्राहकों को बेहतर सुविधा देना और प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्र में पर्यटन व मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था को और बेहतर बनाना है।



बाइक से 13.32 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

बिक्रम (आससे)। बिक्रम थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने रविवार की दोपहर आसपुरा लख के पास नाकेबंदी कर एक बाइक से 13.32 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है. इस मामले में पुलिस ने बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक की पहचान दानारा गांव निवासी विद्यानंद के पुत्र रंजन यादव (30 वर्ष) के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर करीब तीन बजे बिक्रम थानाध्यक्ष सोनू कुमार को गुप्त सूचना मिली कि एक बाइक से अंग्रेजी शराब की खेप ले जायी जा रही है. सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष के निर्देश पर पुलिस टीम ने आसपुरा लख के पास नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी. इसी दौरान एक बाइक सवार पुलिस को देखकर तेजी से भागने लगा. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बाइक का पीछा किया और उसे पकड़ लिया।

इसके बाद बाइक की तलाशी ली गयी. तलाशी के दौरान बाइक पर रखे एक बैग से 180 एमएल वाले अंग्रेजी शराब के 74 टेट्रा पैक बरामद किये गये. बरामद शराब की कुल मात्रा 13.32 लीटर बतायी जा रही है. पुलिस ने शराब के साथ बाइक को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

इस संबंध में बिक्रम थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. पुलिस शराब की खेप कहां से लायी जा रही थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसकी भी जांच कर रही है।

पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वालों के बीच हड़कंप मचा हुआ है. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

पुलिस से मुठभेड़ में कुख्यात सौरभ सिंह घायल, तीन गिरफ्तार

बख्तियारपुर (आससे)। बख्तियारपुर कल्याणबिघा मार्ग में एसटीएफ, पटना एवं बख्तियारपुर पुलिस एवं अपराधियों के बीच हुई गोलीबारी में पुलिस की गोली लगने से गैराज मालिक अंजनी हत्याकांड के आरोपी कुख्यात अपराधी सौरभ सिंह घायल हो गए। एसटीएफ जवानों ने घायल सौरभ सिंह सहित तीन अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से दो पिस्टल, दो मैग्जिन तथा चौदह कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने घायल कुख्यात अपराधी सौरभ कुमार को घायल अवस्था में पीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सा के बाद पुलिस कस्टडी में उसे पटना रेफर कर दिया गया।

बाढ़-२ आरक्षी उपाधीक्षक आयुष कुमार श्रीवास्तव के अनुसार पटना एसटीएफ को सूचना मिला कि अपराधी सौरभ कुमार साथियों के साथ बख्तियारपुर की ओर निकल चुका है। बख्तियारपुर पुलिस के सहयोग से पटना एसटीएफ के जवानों ने कल्याणबिघा मार्ग को घेर लिया तथा अपराधी का इंतजार करने लगे। अपराधी सौरभ ने पुलिस को देखकर गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी काररवाई में गोली चलायी, पुलिस द्वारा चलायी गयी गोली अपराधी सौरभ कुमार के बाये पैर में लगी तथा वह गिर पड़ा। पुलिस ने उसे गिरते ही दौड़ कर उसे पुलिस अभिरक्षा में स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। पुलिस ने घटनास्थल के निकट से दो अन्य अपराधी दीपांशु मिश्रा खगड़िया तथा समर्थ दूबे हथिदह को गिरफ्तार कर पटना प्रस्थान कर गयी।

बीमार किशोर की इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थिति में मौत

मसौढ़ी (आससे)। मसौढी के नदौल ओपी क्षेत्र के खरजावां गांव में एक 14 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। घटना को लेकर परिजनों ने नदौल ओपी में आवेदन देकर जांच की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार खरजावां निवासी कलेंद्र प्रसाद के 14 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार की शनिवार शाम तबीयत बिगड़ गई थी। जहाँ उसके दादा दिनेश प्रसाद यादव उसे इलाज के भैसवां बाजार स्थित एक निजी प्रैक्टिस करने वाले के पास ले गए जहाँ सुई दवाई दी गई, लेकिन उसकी और तबियत बिगड़ने लगी जिसे मसौढ़ी बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में ले गये,लेकिन कंडीशन बेहद नाजुक होने के कारण वहां एडमिट नही किया, फिर वहां से उसे अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों के बीच कोहराम मच गया, यहां तक की इस घटना के बाद गांव के हर किसी के जेहन मे सवाल उठने लगा की सर्दी खांसी बुखार हुई थी, अचानक कैसे मौत हो गई। मृतक किशोर के दादा दिनेश प्रसाद यादव ने नदौल ओपी में आवेदन देकर जांच की मांग की है।

दुकानदार से 25 हजार की ठगी

मसौढ़ी (आससे)। धनरुआ थाना क्षेत्र के वीर बाजार में मोबाइल दुकान चलाने वाले एक दुकानदार से एक युवक ने 25 हजार रुपये की ठगी कर ली और दुकान से मोबाइल लेकर फरार हो गया। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने धनरूआ थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदक सत्येन्द्र कुमार उम्र 26 वर्ष पिता दिनेश्वर प्रसाद, ग्राम ओरियारा (महादेव स्थान) थाना धनरूआ ने बताया कि वह वीर बाजार में डी.के. मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर के नाम से दुकान चलाता है। दिनांक 23/10/26 को एक अज्ञात लड़का उसकी दुकान पर आया और कहा कि मेरे मोबाइल के फोन पे पर 25,000 रुपये डाल दीजिए, मैं आपको कैश दे रहा हूं। दुकानदार ने उसके मोबाइल फोन पे के माध्यम से 25,000 रुपये डाल दिया। उसके बाद वह अज्ञात लड़का दुकान पर ही बैठ गया और 25 हजार रुपये देने में टाल-मटोल करने लगा। जब कुछ देर बाद दुकानदार ने उसका मोबाइल लेकर चेक किया तो पता चला कि वह अज्ञात लड़का पूरे 25,000 रुपये का ऑनलाइन गेम खेलकर पैसा खत्म कर दिया है। पूछताछ करने पर उसने अपने मोबाइल से अपना आधार कार्ड निकालकर दिया, जिसमें उसका नाम धर्मवीर कुमार उम्र 36 वर्ष पिता राम आशीष प्रसाद ग्राम जिलाल बिगहा थाना मसौढ़ी जिला पटना लिखा था। आरोप है कि धर्मवीर कुमार ने कहा कि हम आपका पैसा नहीं दे सकते हैं और दुकान पर रखा अपना ड्ढह्लद्यद्य क्क5 मोबाइल भी लेकर दुकान से भाग गया। पीड़ित दुकानदार ने आवेदन में आरोपी का मोबाइल नंबर और उसके परिजनों का नंबर भी दिया है।

बिहटा नप कार्यालय के पास दिनदहाड़े लाखों के गहनों की लूट

हथियार का भय दिखाकर महिला के गले से सोने की चेन और हाथ से दो अंगूठियां लूटीं

बिहटा (आससे)। बिहटा में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। बेखौफ बदमाशों ने नगर परिषद कार्यालय के समीप दिनदहाड़े हथियार का भय दिखाकर इलाज कराकर घर लौट रही एक महिला से सोने की चेन और दो अंगूठियां लूट लीं। वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं, दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पीड़ित महिला के पुत्र रूपेश कुमार ने बताया कि उनकी मां फिजियोथेरेपी कराकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान नगर परिषद कार्यालय के पास बाइक सवार एक बदमाश ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद हथियार का भय दिखाकर उनके गले से सोने की चेन और हाथ की दो अंगूठियां उतरवा लीं। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने बिहटा थाने में लिखित आवेदन देकर आरोपी की गिरफ्तारी और लूटे गए गहनों की बरामदगी की मांग की है।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक कैमरे में बाइक सवार संदिग्ध युवक दिखाई दिया है। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाश की पहचान करने में जुटी है। इस संबंध में बिहटा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लिखित आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल महिला से बहला-फुसलाकर कुछ सामान लेने की बात सामने आई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी बिहटा इलाके में दिनदहाड़े चेन छिनतई की घटना हुई थी, जिसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। अब नगर परिषद कार्यालय के समीप महिला से गहने लूटने की घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने पुलिस की गश्ती और अपराध नियंत्रण की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

रेलवे लाइन के पास छिपाकर रखी 234.66 लीटर शराब बरामद

बिहटा (आससे)। पटना जिले के बिहटा प्रखंड अंतर्गत नेउरा थाना क्षेत्र के धुरिचक रेलवे लाइन के पास पुलिस ने छापेमारी कर 234.66 लीटर अवैध शराब बरामद की है। शराब को अज्ञात तस्करों द्वारा छिपाकर रखा गया था। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की। मामले में अज्ञात शराब तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में रविवार शाम दानापुर डीएसपी-2 अमरेंद्र कुमार झा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि नेउरा थानाध्यक्ष विष्णु कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धुरिचक रेलवे लाइन के पास छापेमारी की। इस दौरान विभिन्न कंपनियों की कुल 234.66 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। हालांकि, मौके से किसी तस्कर की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। डीएसपी ने बताया कि शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए नेउरा पुलिस विशेष टीम गठित कर लगातार कार्रवाई कर रही है। शराब के अवैध कारोबार में शामिल लोगों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस जुटी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

काम का अधिकार और जलवायु परिवर्तन पर महिलाओं को किया जागरूक

मसौढ़ी (आससे)। आशा किरण ग्रामीण विकास केंद्र के तत्वावधान में मसौढी के दाउदपुर स्थित कैथोलिक चर्च परिसर में महिला श्रमिकों के लिए एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काम का अधिकार,नई मनरेगा योजना, राशन का अधिकार और जलवायु परिवर्तन आदी विषयों पर महिलाओं को जागरूक किया गया। संस्था के निदेशक सिस्टर आशा ने सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि मनरेगा का नाम अब बदलकर वीबी-जी राम जी कर दिया गया है। इसमें पहले 100 दिन काम की गारंटी थी, जिसे अब बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। काम लेने के लिए जॉब कार्ड धारी को पंचायत के रोजगार सेवक के पास सादे कागज पर आवेदन देना होगा। 15 दिन में काम नहीं मिलने पर सरकार बेरोजगारी भत्ता देने के लिए बाध्य है। महिलाओं को मस्टर रोल, बैंक खाते में मजदूरी और कार्यस्थल पर मिलने वाली सुविधाओं के प्रति भी जागरूक किया गया। राशन के विषय पर बताया गया कि हर पात्र परिवार को समय पर पूरा अनाज लेना उनका अधिकार है। राशन कम मिलने, पैसा मांगे जाने या नाम न जुड़े होने पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से शिकायत की जा सकती है। वहीं जलवायु परिवर्तन पर चर्चा करते हुए कहा गया कि बढ़ते तापमान, अनियमित बारिश और भूजल स्तर गिरने का कारण पेड़ों की कटाई है। इससे निपटने के लिए जी राम जी योजना के तहत अधिक से अधिक वृक्षारोपण, सोख्ता गड्ढा और जल संरक्षण के कार्यों से जुड़ने की अपील की गई। कार्यक्रम में पौधारोपण भी किया गया। इस मौके पर सिस्टर आशा, महेश प्रसाद, शंकर कुमार, पूजा कुमारी समेत सैकड़ों महिला श्रमिक उपस्थित थीं।



घर में घुसकर महिला से मारपीट कर लाखों के जेवर ले गये बदमाश

मसौढ़ी (आससे)। धनरूआ थाना क्षेत्र के बिरंची मोड़ में एक महिला के घर में घुसकर लाठी-डंडा और देसी पिस्तौल के बल पर मारपीट और लूटपाट की घटना सामने आई है। पीड़िता ने धनरूआ थाने में आवेदन देकर तीन नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आवेदिका रीता देवी उम्र 32 वर्ष पति शम्भु शरण प्रसाद, मूल ग्राम बिजोपुर थाना महकार जिला गया, वर्तमान पता बिरंची मोड़ थाना धनरूआ ने बताया कि जब अपने घर में थी और घर का मुख्य दरवाजा खुला था। इसी बीच लाठी-डंडा और देसी पिस्तौल लेकर 1. मोनू कुमार उम्र 23 वर्ष 2. रीजा कुमार उर्फ रंजीत कुमार उम्र 32 वर्ष 3. पुरोहित कुमार उम्र 35 वर्ष तीनों पिता विरेन्द्र कुमार साकिन मढ़ीपर थाना धनरूआ और तीन अज्ञात उसके घर में घुस गए। आरोप है कि रीजा कुमार ने उसे पकड़ लिया और बोला कि 1 लाख रुपये रंगदारी माँगे थे क्यों नहीं दिया। जब महिला ने कहा कि पैसा कहाँ से देंगे, तो तीनों ने लाठी-डंडे से मारपीट की जिससे वह गिर गई। गिरे हुए अवस्था में रीजा कुमार उर्फ रंजीत ने लज्जा भंग करने की नियत से साड़ी खींचने लगा, जिससे वह अर्धनग्न हो गई। इसके बाद पुरोहित कुमार ने अलमारी की चाबी माँगी। मना करने पर मोनू कुमार ने छाती पर पैर रखकर धमकाया, तो डर से उसने चाबी बता दी। खूँटी में टंगा चाबी लेकर रीजा कुमार ने अलमारी खोलकर रखा छोटा बैग निकाल लिया। बैग में रखा कनवाली सोना 8 ग्राम 18 कैरेट कीमत लगभग 90,000 रुपये, सोने का चैन 12 ग्राम 22 कैरेट कीमत लगभग 1,60,000 रुपये और सोने का मंगलसूत्र 3 ग्राम कीमत लगभग 36,000 रुपये लूट लिया।हल्ला सुनकर छत पर खेल रहे उसके पुत्र आलोक कुमार, पुत्री नीलम कुमारी और पुष्पा कुमारी नीचे आकर बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की।

नदी में डूब रहे तीन बच्चों को ग्रामीणों ने बचाया

मसौढ़ी (आससे)। पुनपुन थाना क्षेत्र के जाहिदपुर घाट पर रविवार की दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पुनपुन नदी में स्नान करने गए तीन बच्चे गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगे। बच्चों को डूबता देख घाट पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए हो-हल्ला किया और नदी में कूदकर तीनों बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया। समय रहते ग्रामीणों के साहस से तीन मासूमों की जान बच गई।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि तीनों बच्चे फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव से पुनपुन जाहिदपुर घाट पर स्नान करने पहुंचे थे। नहाने के दौरान अचानक गहराई का अंदाजा नहीं लगने से तीनों डूबने लगे। बचा लिए गए बच्चों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे इलाज के लिए मसौढ़ी के पीएचसी पुनपुन अस्पताल से पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। पुनपुन थानाध्यक्ष बमबम कुमार ने बताया कि डूबने वाले बच्चों की पहचान . कृष्ण कुमार (14 वर्ष) पिता आकाश कुमार, ग्राम रानीपुर थाना फुलवारीशरीफ को गंभीर अवस्था में पीएमसीएच भेजा गया है। सोनू सुमन (27 वर्ष) पिता आनंद कुमार सिंह, ग्राम रानीपुर और. देवानंद (12 वर्ष) पिता जितेन्द्र दास, ग्राम रानीपुर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुनपुन में प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

375 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मसौढ़ी (आससे)। पुनपुन थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 375 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 24.10.2026 को पुनपुन थानान्तर्गत पटना से मसौढ़ी जाने वाली एनएच-22 पर गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान अंचलाधिकारी पुनपुन भी पुलिस बल के साथ मौजूद थे। शाम करीब 6:40 बजे पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिए, जो पुलिस बल को देखकर एनएच-22 से एसएनएम0 कॉलेज की ओर भागने लगे। पुलिस बल द्वारा पल्सर मोटरसाइकिल को आगे से घेरकर उस पर सवार दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया और विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में दोनों के पास से पीठू बैग में रखा हुआ कुल 05 पुड़िया में 375 ग्राम स्मैक, 02 मोबाइल फोन और पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुआ। बरामद स्मैक को अंचलाधिकारी की उपस्थिति में विधिवत जब्ती सूची बनाकर जब्त करते हुए सील किया गया। इस संबंध में पुनपुन थाना कांड संख्या 372/26, दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 आशीष राज ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान (1) बैजू कुमार उम्र 22 वर्ष पिता सतीश प्रसाद ग्राम नौआबाग थाना मसौढ़ी जिला पटना और (2) सनी कुमार उम्र 21 वर्ष पिता बालदेव सिंह ग्राम मुसापर थाना सिकरिया ओपी जिला जहानाबाद के रूप में हुई है।

स्कूटर सवार से शराब बरामद

बख्तियारपुर (आससे)। रेल सुरक्षा बल के निरीक्षक प्रभारी जवाहर लाल के नेतृत्व में सुरक्षा बल ने आरपीएफ स्कूटर सवार को संदेह होने पर रोका। तलाशी में होंडा का स्कूटी को जब्त कर लिया। स्कूटी सवार भाग निकला। फरार अभियुक्त का नाम सुमन कुमार उर्फ फेसबुकवा बताया गया।

ड्राइवर एसो. ने रखी 10 मांगें, सड़क और सामाजिक सुरक्षा पर दिया जोर

फतुहा आससे। ड्राइवर एसोसिएशन ऑफ बिहार ने राज्य के व्यावसायिक वाहन चालकों के कल्याण, सुरक्षा और सामाजिक संरक्षण को लेकर सरकार के समक्ष 10 सूत्री मांगें रखी हैं। एसोसिएशन ने चालकों के हित में ठोस कदम उठाने, सड़क दुर्घटनाओं में मृत चालकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने और उनके बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करने की मांग की है। एसोसिएशन की ओर से दिए गए मांगपत्र में कहा गया है कि व्यावसायिक वाहन चालक दिन-रात सड़कों पर रहकर परिवहन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक भविष्य सुनिश्चित करना जरूरी है। सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण- सड़क दुर्घटना में मृत होने वाले चालकों को सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण योजनाओं में शामिल किया जाए।



चालकों की समस्याओं के समाधान के लिए ड्राइवर आयोग और ड्राइवर डेवलपमेंट फंड की व्यवस्था की जाए। दुर्घटना मुआवजा-सड़क दुर्घटना में चालक की मृत्यु होने पर 20 लाख रुपये तथा दिव्यांग होने पर 10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। साथ ही दुर्घटना में घायल चालकों के लिए मुफ्त चिकित्सा की व्यवस्था हो। चालकों के लिए आवास योजना के तहत पांच लाख रुपये की व्यवस्था की जाए। राजमार्गों पर विश्राम गृह, शौचालय और गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था की जाए। साथ ही प्रत्येक 100 किलोमीटर पर पार्किंग और शौचालय की सुविधा सुनिश्चित की जाए। गाड़ियों में आगे और पीछे रिकॉर्डिंग कैमरे लगाए जाएं, ताकि फोटो और वीडियो फुटेज के आधार पर चालक तथा अन्य संबंधित लोगों के बीच हुई घटना या दुर्घटना की सही जांच हो सके और दोषियों को उचित सजा मिल सके।